# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली
## मध्यावधि अभ्यास प्रश्न पत्र (2026-27)
## कक्षा-8, विषय : हिंदी

**निर्धारित समय : 2.30 घंटे** **अधिकतम अंक : 60**

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को पढ़कर उनका पालन कीजिए :

- इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं- 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'।
- इस प्रश्नपत्र में कुल 11 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- इस प्रश्न पत्र में आतंरिक विकल्प दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।
- यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

## खंड-क (अपठित बोध)

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

क्या यह संभव है कि भला कोई जंगल में घंटा भर घूमे और फिर भी कोई विशेष चीज़ न देखे। मुझे जिसे कुछ भी दिखाई नहीं देता सैकड़ों रोचक चीजें मिलती हैं, जिन्हें मैं छूकर पहचान लेती हूँ। मैं भोज-पत्र के पेड़ की चिकनी छाल और चीड़ की खुरदरी छाल को स्पर्श से पहचान लेती हूँ। मुझे फूलों की पंखुड़ियों की मखमली सतह छूने और उनकी घुमावदार बनावट महसूस करने में अपार आनंद मिलता है। इस दौरान मुझे प्रकृति के जादू का कुछ अहसास होता है। कभी, जब मैं खुशनसीब होती हूँ, तो टहनी पर हाथ रखते ही किसी चिड़िया के मधुर स्वर कानों में गूँजने लगते हैं।

(i) गद्यांश के अनुसार लेखिका प्रकृति की सुंदरता को छूकर महसूस करती थी, क्योंकि वह- 1

(क) बोल नहीं सकती (ख) सुन नहीं सकती
(ग) देख नहीं सकती (घ) चल नहीं सकती

(ii) गद्यांश के अनुसार 'लेखिका को ________________ में विशेष रुचि है।' रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प चुनिए- 1

(क) प्रकृति (ख) नृत्य
(ग) संगीत (घ) जादू

(iii) गद्यांश के अनुसार लेखिका विभिन्न पेड़ों में अंतर कैसे पहचान पाती है? 1

(iv) गद्यांश के अनुसार लेखिका फूलों और टहनियों के माध्यम से क्या अनुभव करती है? 2

प्रश्न 2 . निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

आओ हम बादल बन जाएँ
गरमी बहुत, ताप रही धरती
हम इससे ऊपर उठ जाएँ
आसमान में सैर करें फिर
तरह-तरह के रूप बनाएँ।
उमड़ चले हम धीरे-धीरे
कजरारे बनकर छा जाएँ।
चलो साथियों गरज गरजकर।
बिजली भी चमचम चमकाएँ।
पहले बूँदें बरसायेंगे फिर तो मूसलाधार बहाएँ।
बरस बरस कर थक जाएँ तो
झट पुरवइया हवा चलाएँ।
उतर आयेंगे धरती पर तब
सावन के हम गीत सुनाएँ।

(i) काव्यांश के अनुसार कवि किससे बचने के लिए बादल बनना चाहता है? 1

(क) सरदी से (ख) वर्षा से

(ग) गरमी से (घ) तूफान से

(ii) 'कजरारे बनकर छा जाएँ' पंक्ति से बादलों की कौन-सी विशेषता प्रकट होती है? 1

(क) धीमी गति (ख) काला रंग

(ग) छोटा आकार (घ) सुरीला गाना

(iii) काव्यांश के अनुसार लिखिए कि बादलों का आकार कैसा होता है? 1

(iv) काव्यांश के अनुसार कवि बादल बनकर क्या-क्या करना चाहता है? 2

## खंड- 'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न 3. निम्नलिखित व्याकरणिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (10x1=10)

| दोनों स्तंभों का सही मिलान कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए- | |
|---|---|
| (i) जातिवाचक संज्ञा | बचपन |
| (ii) व्यक्तिवाचक संज्ञा | गंगा |
| (iii) भाववाचक संज्ञा | गाँव |

(iv) '___________खाना खाकर नीचे जा कर सो गए' उचित सर्वनाम शब्द से रिक्त स्थान भरिए।

(v) 'माँ खिलखिलाकर हँस पड़ी' - दी गई पंक्ति में से क्रिया विशेषण पहचानकर लिखिए।

(vi) 'निंदा' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

(vii) 'उसने अपनी **<u>टोकरी</u>** मिट्टी से भर ली' - रेखांकित शब्द का वचन बदलकर लिखिए।

(viii) 'आँख का तारा होना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(ix) 'सुपंथ' शब्द में उपसर्ग पहचानकर लिखिए।

(x) 'राष्ट्रीय' शब्द में प्रत्यय छाँटकर लिखिए।

## खंड- 'ग' (पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न 4. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (4x1=4)

घर में हम तीन ही व्यक्ति रहते हैं- माँ, पिताजी और मैं। पर पिताजी कहते हैं कि यह घर सराय बना हुआ है। हम तो जैसे यहाँ मेहमान हैं, घर के मालिक तो कोई दूसरे ही हैं। आँगन में आम का पेड़ है। तरह-तरह के पक्षी उस पर डेरा डाले रहते हैं। जो भी पक्षी पहाड़ियों-घाटियों पर से उड़ता हुआ दिल्ली पहुँचता है, पिताजी कहते हैं वही सीधा हमारे घर पहुँच जाता है, जैसे हमारे घर का पता लिखवाकर लाया हो। यहाँ कभी तोते पहुँच जाते हैं, तो कभी कौवे और कभी तरह-तरह की गौरैयाँ। वह शोर मचता है कि कानों के पर्दे फट जाएँ, पर लोग कहते हैं कि पक्षी गा रहे हैं! घर के अंदर भी यही हाल है। बीसियों तो चूहे बसते हैं। रात-भर एक कमरे से दूसरे कमरे में भागते फिरते हैं। वह धमा-चौकड़ी मचती है कि हम लोग ठीक तरह से सो भी नहीं पाते।

(i) 'सराय' का समानार्थी शब्द है -

(क) प्रयोगशाला (ख) धर्मशाला

(ग) व्यायामशाला (घ) पाठशाला

(ii) गद्यांश के अनुसार पिताजी अपने घर को 'सराय' क्यों कहते हैं?

(क) घर की बनावट 'सराय' जैसी बड़ी है (ख) घर को पिताजी ने किराये पर लिया है

(ग) घर में लेखक का परिवार मेहमान है (घ) घर में विभिन्न पक्षी आते-जाते रहते हैं

(iii) गद्यांश के अनुसार पक्षियों के शोर मचाने को लोग क्या कहते हैं?

(क) पक्षी लड़ रहे हैं। (ख) पक्षी सो रहे हैं।

(ग) पक्षी गा रहे हैं। (घ) पक्षी खा रहे हैं।

(iv) धमा चौकड़ी मचने से अभिप्राय है -

(क) शोर मचाना (ख) ध्यान करना

(ग) शांत बैठना (घ) मौन रहना

प्रश्न 5. गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (2x2=4)

(i) बूढ़ा चूहा अँगीठी के पीछे बैठना क्यों पसंद करता होगा? अपने अनुभव के आधार पर लिखिए।

(ii) हरिद्वार का समाचार लिखने में लेखक को क्या अनुभूति होती थी? किसी प्रसिद्ध स्थान के अपने अनुभव के आधार पर उत्तर लिखिए।

(iii) अनाथ वृद्धा के मृतप्राय होने के क्या कारण हो सकते हैं? कोई दो बिंदु लिखिए।

प्रश्न 6. गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए- (2x3=6)

(i) हरिद्वार पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए कि "हरिद्वार की 'कुशा' (एक प्रकार की घास) की क्या विशेषताएँ है और यह किस काम आती है?

(ii) वृद्धा ने झोपड़ी से एक टोकरी भर मिट्टी लेने के क्या कारण बताए? एक टोकरी भर मिट्टी पाठ के आधार पर वृद्धा की स्थिति का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

(iii) क्या आपको लगता है कि पशु-पक्षी भी मनुष्यों के सामान परिवार और घर का महत्त्व समझते हैं? अपने उत्तर के समर्थन में कहानी से उदाहरण दीजिए।

प्रश्न 7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (4x1=4)

वह हृदय नहीं है पत्थर है,
जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं।
जो जीवित जोश जगा न सका,
उस जीवन में कुछ सार नहीं।

जो चल न सका संसार-संग,
उसका होता संसार नहीं।
जिसने साहस को छोड़ दिया,
वह पहुँच सकेगा पार नहीं।

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा विषय इस पद्यांश का मुख्य भाव है?

(क) महिला उत्थान (ख) प्रकृति का वर्णन

(ग) शिक्षा और विकास (घ) स्वदेश-प्रेम

(ii) पद्यांश के अनुसार हृदय के 'पत्थर' होने से क्या तात्पर्य है?

(क) सामाजिकता (ख) भावहीनता

(ग) सरलता (घ) नैतिकता

(iii) पद्यांश के अनुसार कवि ने किस प्रकार के जीवन को सारगर्भित कहा है?

(क) जो उत्साहित कर दे (ख) जो वैरागी बना दे

(ग) जो कठोर बना दे (घ) जो स्वार्थी बना दे

(iv) पद्यांश के अनुसार जिसने संसार का साथ नहीं दिया, संसार उसके साथ कैसा व्यवहार करता है?

(क) साथ निभाता है (ख) दुर्व्यवहार करता है

(ग) साथ नहीं देता है (घ) आत्मीयता रखता है

प्रश्न 8. पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (2x2=4)

(i) देशप्रेम से आप क्या समझते हैं? 'स्वदेश' कविता के आधार पर लिखिए।

(ii) कविता में सपनों के बड़े होने की बात की गई है। आपके अनुसार बड़े सपने कौन-कौन से हो सकते हैं? अपने शब्दों में लिखिए।

(iii) हमारे विचारों और कार्यों पर संगति का क्या प्रभाव पड़ता है? 'कबीर के दोहे' के अनुसार वर्णन कीजिए।

प्रश्न 9. पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए- (2x3=6)

(i) पाठ 'कबीर के दोहे' के अनुसार मधुर वचन बोलने से क्या लाभ है? अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) यदि आपको आशीर्वाद देने का अवसर मिले तो आप किसको और क्या आशीर्वाद देंगे और क्यों?

(iii) कविता 'स्वदेश' के अनुसार लिखिए की आप अपने देश के लिए क्या तीन कार्य करना चाहते हैं?

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

प्रश्न 10. निम्नलिखित में से किसी **एक विषय** पर लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए- (1x6=6)

आप कुमुद/ कुनाल हैं। अपने जन्मदिन मनाने का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

**अथवा**

आप अमृत/ अमिता हैं। अपने मोहल्ले की नियमित साफ़-सफ़ाई के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।

प्रश्न11. निम्नलिखित में से किसी **एक विषय** पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (1x6=6)

(क) पुस्तकालय का महत्त्व

- ज्ञान का भंडार
- पढ़ने की अच्छी आदत
- ज्ञान में वृद्धि

(ख) करें योग रहें निरोग

- स्वस्थ शरीर
- मानसिक शांति
- तनाव से राहत

(ग) भविष्य का भारत

- शिक्षित भारत
- तकनीकी प्रगति
- स्वच्छ और विकसित देश